# माहिष्मती नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड मण्डला म.प्र.

**web-www.http://mnsbankmandla.co.in,** **e-mail-mahismatinagrikbankltd@gmail.com**

## सहायक ग्रेड–3 / कैशियर / कम्पयूटर आपरेटर पदों पर भर्ती

बैंक में आवेदन पत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि 05.02.2024

बैंक में सहायक ग्रेड–3 / कैशियर / कम्प्यूटर आपरेटर पदों पर भर्ती हेतु आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में नियत तिथि तक आमंत्रित किये जाते हैं । अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा । आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में स्पष्ट,साफ, स्वच्छ शब्दों में भरा हुआ होना चाहिए, अस्पष्टता की स्थिति में आवेदन पत्र निरस्ती योग्य माना जावेगा । आवेदन पत्र पंजीकृत डाक द्वारा भेजे जाने पर ही मान्य किया जावेगा । आवेदन पत्र पर लिफाफे के उपर स्याही से साफ आवेदित पद एवं वर्ग जैसे अनारक्षित(सामान्य) / अनुसूचित जन जाति वर्ग / अनारक्षित महिला वर्ग का उल्लेख होना आवश्यक है ।

पद संख्या–

| पद नाम | शाखा का नाम | कुल पद | अनुसूचित जाति हेतु | आरक्षित पद अनुसूचित जनजाति हेतु | अन्य पिछडा वर्ग हेतु | अनारक्षित पुरूष | अनाराक्षित महिला |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सहायक ग्रेड–3 / कैशियर / कम्पयूटर आपरेटर | मण्डला | 03 | 00 | 01 | 00 | 01 | 01 |
| सहायक ग्रेड–3 / कैशियर / कम्पयूटर आपरेटर | बम्हनी बंजर | 01 | 00 | 00 | 00 | 01 | 00 |
| सहायक ग्रेड–3 / कैशियर / कम्पयूटर आपरेटर | बिछिया | 01 | 00 | 00 | 00 | 01 | 00 |

वेतनमान–पे बैंड 5200–20200+1900ग्रेड पे

भत्ते– महंगाई भत्ता, चिकित्सा भत्ता, आवास भत्ता, अंशदायी भविष्य निधि, उपादान आदि बैंक हेतु प्रभावशील सेवा नियमों के अनुसार देय हैं ।

आयु सीमा–आवेदन दिनांक को न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम आयु 40 वर्ष होनी चाहिए ।

आयुसीमा मे छूट–शासकीय नियमों के अनुसार अनुसूचित जनजाति वर्ग एवं महिला वर्ग को आयु सीमा में 5 वर्ष की अतिरिक्त छूट की पात्रता होगी ।

परवीक्षाधीन अवधि– चयनित आवेदकों को 2 वर्ष की परिवीक्षाधीन अवधि के लिए नियुक्त किया जावेगा,। परिवीक्षाधीन अवधि में कार्य एवं आचरण संतोषप्रद न होने अथवा बजट में कमी के कारण सेवाएं बिना पूर्व सूचना के समाप्त की जा सकेंगी ।

टीप–परिवीक्षा अवधि में चयनित अभ्यर्थी द्वारा सेवा से त्यागपत्र दिये जाने पर संबंधित अभ्यर्थी बैंक को तीन माह का वेतन क्षतिपूर्ति बतौर प्रदान करना होगा ।

पात्रता मानदण्ड–

1. आवेदक म0प्र0 का मूल निवासी होना आवश्यक है । इस हेतु सक्षम अधिकारी का वर्तमान का डिजिटल प्रमाण पत्र आवदेन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है ।
2. कोई भी व्यक्ति जो म.प्र. सहकारी सोसायटी नियम 1962 के नियम कमांक 44 के अंतर्गत बैंक के संचालक मण्डल के सदस्य का निकट संबंधी हो नियुक्ति का पात्र नहीं होगा ।
3. कोई भी व्यक्ति बैंक के किसी भी पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा यदि वह किसी भी नैतिक पतन के अपराध के लिए दंडित किया गया हो ।
4. आवेदन पत्र के अतिरिक्त व्यक्तिगत या अन्य प्रयास आवेदक के चयन/ नियुक्ति हेतु अपात्र माने जाने योग्य होंगे ।

विस्तृत जानकारी एवं आवेदन फार्म बैंक की वेब साइट **web-www.http://mnsbankmandla.co.in** पर उपलब्ध है ।

Mahishmati Nagrik Sahakari Bank Ltd. MANDLA R.No.181

1. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता–
    1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण हो ।
    2. कम्पयूटर मे कार्य करने एवं कम्प्यूटर संचालन में दक्षता प्राप्त हो, जिसके प्रमाणन हेतु अभ्यर्थी को हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी या स्नातक स्तर में कम्प्यूटर का अध्ययन किया होना , या तत्संबंधी डिग्री होना आवश्यक है ।

टीप–शासन द्वारा पालिटेक्निक संस्था में 3 वर्षीय कम्प्यूटर डिप्लोमा धारकों को स्नातक के समकक्ष मान्यता दी जावेगी ।

प्राथमिकता

1. वाणिज्यिक स्नातक /बैंकिंग के अनुभवी आवेदक को प्राथमिकता दी जावेगी ।
2. भर्ती के लिए उन आवेदकों को प्राथमिकता दी जावेगी जो हायर डिप्लोमा इन को–आपरेशन, सहकारी प्रशिक्षण केन्द्रों द्वारा संचालित पाठ्यक्रम अथवा माध्यमिक बोर्ड द्वारा संचालित सहकारी पाठ्यक्रम उत्तीर्ण हो ।
3. कम्प्यूटर साइंस या इनफारमेशन टेक्नोलाजी में स्नातक डिग्री, बीसीए, बीएससी कम्प्यूटर साइंस,बी टेक, बीई(सीएस) को प्राथमिकता दी जावेगी ।
4. स्नातकोत्तर अभ्यार्थियों के लिये एमएसएस (सीएस), (एमबीए बैंकिंग एंड फायनेंस, आईटी,मार्केटिंग) को प्राथमिकता दी जावेगी ।
5. पीजीडीसीए एवं सीपीसीटी धारक को प्राथमिकता दी जावेगी ।
6 आवेदक को आईबीपीएस (बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान) के अंतिम परीक्षा के स्कोर कार्ड के नंबर के प्रतिशत के आधार पर प्राथमिकता दी जावेगी ।(स्कोर कार्ड की स्वप्रमाणित छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है)

सामान्य शर्ते–

1. आवेदक का रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना आवश्यक है । आवेदन पत्र के साथ पंजीयन की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है ।
2. चयनित कर्मचारी की पदस्थी जिले के अंतर्गत किसी भी शाखा में की जा सकती है ।
3. आवेदन पत्र के साथ आयु प्रमाण हेतु हाई स्कूल की अंकसूची प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा ।
4. हायर सेकेण्डरी की अंकसूची, स्नातक तथा स्नातकोत्तर परीक्षा उत्तीर्ण की अंकसूची, अन्य योग्यताऐं/ प्रशिक्षण संबंधी प्रमाण पत्र, कम्प्यूटर कोर्स 3 वर्षीय डिप्लोमा संबंधी पालिटेक्निक संस्था का प्रमाण पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा ।
5. सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा ।

टीप–कमांक 03 से 05 में वर्णित दस्तावेजों की स्वप्रमाणित हस्ताक्षरित फोटोकापी ही मान्य होंगी ।

6. स्वप्रमाणित आवेदक का पासपोर्ट साइज फोटो आवेदन पत्र में निर्धारित स्थान पर लगाना अनिवार्य है ।
7. म0प्र0 शासन के लोकसेवा अधिनियम के अंतर्गत मण्डला जिले के लिए घोषित एवं आरक्षित अनुसूचित जनजातियों के डिजिटल जाति प्रमाण पत्र ही मान्य किये जावेंगे ।
8. विज्ञापित पद हेतु रू0 200.00 अक्षरी दो सौ रू0 मात्र का की जमा रसीद माहिष्मती नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड मण्डला की अथवा आनलाइन जमा की रसीद को फोटो कापी आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है । (खाता कमांक **MAHI086000000011 , IFSC CODE-ICIC00MMNSB**)
9. सभी आवेदकों को आवेदन पत्र के साथ एक लिफाफा पोस्टल टिकट लगाकर, जिस पर आवेदक का स्पष्ट पोस्टल पता लिखा हुआ हो संलग्न करना अनिवार्य है ।
10. बैंक के चयन एवं नियुक्ति की प्रकिया के अंतर्गत योग्य पाये जाने वाले आवेदकों को साक्षात्कार में बुलाए जाने पर किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं होगा ।
11. बैंक के चयन नियुक्ति प्रकिया के अंतर्गत आवेदक को चयनित करने का मापदण्ड, शिक्षा, प्रशिक्षण, एवं व्यक्तिगत साक्षात्कार के आधार पर होगा । उपरोक्तानुसार प्रकिया में मेरिट के आधार पर आवेदकों को व्यक्तिगत साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जावेगा । सभी आवेदकों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित करना अनिवार्य नहीं है । साक्षात्कार के दौरान आवेदन पत्र के साथ संलग्न, दस्तावेजों की मूल प्रतियां लाना अनिवार्य होगा ।
12. आवेदक की पात्रता एवं चयन के विषय में सभी मामलों में बैंक/चयन समिति का निर्णय अंतिम तथा आवेदकों पर बंधनकारी होगा ।

विस्तृत जानकारी एवं आवेदन फार्म बैंक की वेब साइट **web-www.http://mnsbankmandla.co.in** पर उपलब्ध है ।

Mahishmati Nagrik Sahakari Bank Ltd.
MANDLA
R.No.181

13. चयनित आवेदकों की नियुक्ति, शारीरिक उपयुक्तता एवं स्वस्थता तथा चाल चलन की जांच पडताल की संतुष्टि आदि की पूर्ति पर निर्भर करेगी ।
14. चयनित आवेदकों को सेवा में नियुक्ति के पूर्व मेडिकल बोर्ड का शारीरिक उपयुक्तता और स्वस्थता का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा ।
15. चयनित आवेदकों को नियुक्ति के पूर्व बैंक द्वारा निर्धारित मान से प्रतिभूति (संपत्ति धारक की जमानत दस्तावेज सहित एवं सुरक्षा राशि बैंक द्वारा निर्धारित) देना अनिवार्य होगा । उक्त प्रतिभूति की पूर्ति न होने पर चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति निरस्ती योग्य होंगी ।
16. आवेदक को प्राथमिकता के आधार पर शाखा का चयन आवेदन पत्र के निर्धारित कालम पर प्रथम,द्वितीय, तृतीय अंकित करना अनिवार्य होगा ।अन्यथा बैंक का निर्णय मान्य होगा ।
17. आवेदक द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले समस्त दस्तावेज स्वप्रमाणित होना अनिवार्य है ।
18. विस्तृत जानकारी एवं आवेदन फार्म बैंक की वेब साइट **web-www.http://mnsbankmandla.co.in** पर उपलब्ध है ।

विस्तृत जानकारी एवं आवेदन फार्म बैंक की वेब साइट **web-www.http://mnsbankmandla.co.in** पर उपलब्ध है ।

माहिष्मती नागरिक सहकारी बैंक
लिमिटेड मण्डला म0प्र0

बैंक का पोस्टल पता–माहिष्मती नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड,
प्रधान कार्यालय, रानी अवंती बाई वार्ड,
चिलमन चौक, मण्डला म0प्र0 481661

Mahishmati Nagrik Sahakari Bank Ltd.
MANDLA
R.No.181